संख्या-134/2025/52/22-2-2025-17(402)/2020

प्रेषक,

मदन मोहन
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक 19 फरवरी, 2025**

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका, निवासी-रूद्रपुर, थाना-सकरन, जिला-सीतापुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 के पत्र संख्या-705/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-31.12.2024), दिनांक 07.01.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

-2 उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका जो रूद्रपुर, थाना-सकरन, जनपद-सीतापुर का निवासी है। पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण बन्दी ने अपने 06 सह अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 30.06.2004 को तमंचे एंव बंदूक से गोली मारकर 02 व्यक्तियों एवं एक गर्भवती महिला की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-62/2005, भा0द0वि0 की धारा-147,148, 302/149 व 2/3 गैगेस्टर एक्ट में मा० न्यायालय, सत्र न्यायाधीश, गैगेस्टर एक्ट, लखनऊ के आदेश दिनांक 19.07.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 01.08.2004 तक अपरिहार 20 वर्ष, 00 माह, 23 दिन तथा सपरिहार 25 वर्ष, 04 माह, 27 दिन की सजा पूरी कर ली है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि0एल0जे0-1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गयी। उक्त आख्या में बंदी द्वारा भविष्य में पुनः अपराध करने से इनकार नहीं किए जाने, बन्दी की रिहाई से मृतक के परिवार में असंतोष पैदा होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार विमर्श किया गया। बार्ड के सदस्यों का अभिमत है कि पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण बन्दी ने अपने 06 सह अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 30-06-2004 को तमंचे एंव बंदूक से गोली मारकर 02 व्यक्तियों एवं एक गर्भवती महिला की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। बन्दी द्वारा कारित अपराध समाज को प्रभावित करता है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका को फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की जाती है।

3- अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन (बन्दी संख्या-45289) पुत्र कालिका, निवासी जनपद-सीतापुर की यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के प्राबिधानों के अन्तर्गत सम्यक विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी के लाईसेन्स पर मुक्ति मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन का आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
मदन मोहन
विशेष सचिव।

संख्या-134/2025/52(1)/22-2-2025-17(402)/2020,तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रि0) डायरी सं0-28783/2023 सुरेन्द्र उर्फ सुण्डा बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 13-11-2024 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-134/2025/52/22-2-2025-17(402)/2020

दिनांकः 19 फरवरी, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका जो रूद्रपुर, थाना-सकरन, जनपद-सीतापुर का निवासी है। पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण बन्दी ने अपने 06 सह अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 30.06.2004 को तमंचे एंव बंदूक से गोली मारकर 02 व्यक्तियों एवं एक गर्भवती महिला की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-62/2005, भा0द0वि0 की धारा-147,148, 302/149 व 2/3 गैगेस्टर एक्ट में मा० न्यायालय, सत्र न्यायाधीश, गैगेस्टर एक्ट, लखनऊ के आदेश दिनांक 19.07.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 01.08.2004 तक अपरिहार 20 वर्ष, 00 माह, 23 दिन तथा सपरिहार 25 वर्ष, 04 माह, 27 दिन की सजा पूरी कर ली है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि0एल0जे0-1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गयी। उक्त आख्या में बंदी द्वारा भविष्य में पुनः अपराध करने से इनकार नहीं किए जाने, बन्दी की रिहाई से मृतक के परिवार में असंतोष पैदा होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार विमर्श किया गया। बार्ड के सदस्यों का अभिमत है कि पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण बन्दी ने अपने 06 सह अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 30-06-2004 को तमंचे एंव बंदूक से गोली मारकर 02 व्यक्तियों एवं एक गर्भवती महिला की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। बन्दी द्वारा कारित अपराध समाज को प्रभावित करता है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी गुरूचरन पुत्र कालिका को फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की जाती है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए / लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

विनोद कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in